# चीनी निर्यात कोटा 60 लाख टन से बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार सितंबर में समाप्त होने वाले इस विपणन वर्ष में चीनी निर्यात के मौजूदा 60 लाख टन कोटा को बढ़ाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है।

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, हमारा अनुमान है कि चीनी उत्पादन पिछले वर्ष से करीब 9 लाख टन कम हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निर्यात कोटा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। खाद्य मंत्रालय ने चालू विपणन वर्ष 2022-23 (अक्तूबर-सितंबर) के लिए 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। एजेंसी

**गर्मी से गेहूं की फसल को कोई नुकसान नहीं**

खाद्य सचिव ने कहा कि तापमान थोड़ा अधिक होने के बावजूद गेहूं की फसल को नुकसान नहीं होगा। जून में समाप्त होने वाले इस फसल वर्ष में 11.2 करोड़ टन का रिकॉर्ड उत्पादन होगा।